Reg. No. | | | | | | | | | |

# HRDHDL 204

Credit Based III Semester B.A. (HRD) Degree Examination, Oct./Nov. 2017
(2016-17 Batch Onwards)
HINDI LANGUAGE
(Group – I) (Paper – III)

Time : 3 Hours    Max. Marks : 80

I. एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर लिखिए।    (1×10=10)

1) कबीर के अनुसार चाह के चले जाने से क्या मिट जाता है ?
2) सूरदास के अनुसार किसकी सांगत्य छोड देना चाहिए ?
3) 'केवट प्रसंग' रामचरितमानस के किस काण्ड का प्रसंग है ?
4) "बरवै नायिकाभेद" किसकी श्रेष्ठ रचना है ?
5) 'हरिऔध' जी का पूरा नाम क्या है ?
6) भ्रमर कहाँ सो रहा है ?
7) 'युगपुरुष' किसकी रचना है ?
8) 'निराला' जी ने इलाहाबाद के पथ पर किसको देखा ?
9) बच्चन जी के अनुसार मधुभरी कविताओं के संग्रह को क्या कहते हैं ?
10) कवि 'अमर' के अनुसार नेता और अभिनेता में क्या समानता है ?

II. सप्रसंग भावार्थ लिखिए (किन्हीं दो) :    (2×5=10)

1) जो जल बाढै नाव में, घर में बाढै दाम ।
दोऊ हाथ उलीचिये, यह सज्जन कौ काम।।

2) छुअत सिला भइ नारि सुहाई।
पाहन ते न काठ कठिनाई।
तरनिउ मुनि घरनी होइ जाई।
बाट परइ मोरि नाव उडाई।।

3) रहिमन लाख भली करौ, अगुनी अगुन न जाइ।
राम सुनत पथ पियत हूँ, साँप सहज धरि खाइ।।

P.T.O.

III. सप्रसंग भावार्थ लिखिए (किन्हीं दो) : (2×5=10)

1) तनिक पार्श्व-परिवर्तन कर ले,
उस नासा-पुट को भी भर ले,
उभय पक्ष का मन तू हर ले,
मेरे व्यथा-विनोदन, सो !
सो मेरे अंचल-धन सो !

2) तू युग की हुंकार
अमर जीवन की वाणी
तेरी साँसों अमर
हो उठे युग-कल्याणी।

3) इनसान कुछ सोचता है,
मगर होता है कुछ और
जहाँ में सब रहे बतौर
खुश रहो पाकर एक कौर,
हज़ारों कोशिशों के बावजूद।

IV. अ) पठित दोहों के आधार पर कबीर की विचारधारा को समझाइए। (1×10=10)

अथवा

सूरदास के पदों का वर्णन कीजिए।

आ) ''आँसू प्रेम और वेदना का प्रतीक है'' – पठित कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (1×10=10)

अथवा

'मधुशाला' कविता का सारांश लिखिए।

V. किन्हीं **दो** का उत्तर लिखिए : (2×10=20)

1) स्वतंत्रता के बाद देश के राजनैतिक क्षेत्र में जो परिवर्तन हुए उसे पठित उपन्यास के आधार पर लिखिए।

2) 'सत्तार' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

3) 'नसीबन' लौटे हुए युसाफिर' उपन्यास की नायिका हैं ? इसे स्पष्ट कीजिए।

VI. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए : (2×5=10)

1) यासीन 2) मकसूद 3) साई 4) बच्चन

______________